कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-919

सेवा में,

सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक
माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय
जिला- वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-11/05/26

विषयः- कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षकों के कार्य एवं दायित्व के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि जिले में कुल 308 माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ICT लैब का अधिष्ठापन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। कुछ विद्यालयों में पूर्व से ICT लैब अधिष्ठापन है एवं कुछ विद्यालयों में अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ है। साथ ही, माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित ICT Lab में Digital Library (विद्याबोध) का भी संचालन किया जा रहा है।

अंकनीय है कि TRE-1, TRE-2, TRE-3 एवं पूर्व से जिले के अधिकतर माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक पदस्थापित हैं। ऐसे में पदस्थापित कम्प्यूटर विज्ञान शिक्षकों को कम्प्यूटर विज्ञान की शिक्षा प्रदान करने तथा निम्नलिखित कार्य एवं दायित्व दिये जाते हैं-

1. विभाग द्वारा निर्धारित Syllabus के अनुसार कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को कम्प्यूटर विज्ञान की शिक्षा प्रदान करना तथा रूटीन तैयार कर ICT Lab का संचालन करना तथा इच्छुक विद्यालय एवं संकुल स्तर पर पदस्थापित सभी शिक्षकों को कंप्यूटर संचालन की शिक्षा एवं विभागीय पोर्टल पर कार्य करने से संबंधित शिक्षा देना।
2. Digital Library (विद्याबोध) के संचालन हेतु सभी शिक्षकों एवं बच्चों का USER Account तैयार कराना, सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को इसके उपयोग के संबंध में जानकारी देना एवं इसका उपयोग कराना तथा Digital Library में उपलब्ध वर्ग 6-12 के ई-पुस्तकों, सिमुलेशन लैब्स, प्रश्नोत्तरी के उपयोग हेतु प्रेरित करना।
3. ICT Lab में अध्ययनरत बच्चों का सप्ताहिक मूल्यांकन Google Forms के माध्यम से कराना।
4. ICT Lab की साफ-सफाई तथा ICT Lab के कम्प्यूटर एवं उपकरणों के रख-रखाव तथा ICT Lab / स्मार्ट क्लास का संचालन सुनिश्चित कराना।

5. डिजिटल शिक्षा/कम्प्यूटर शिक्षा के संबंध में समय-समय पर जिला/राज्य कार्यालय द्वारा माँगी गयी सूचनाओं/ जिला की वेबसाइट (https://deovaishali.in) पर विद्यालय से संबंधित सभी प्रकार की मांगी गई जानकारी को प्रविष्टि करना एवं अपने संकुल स्तर के विद्यालयों का जिले के वेबसाइट पर मांगी जा रही जानकारी ससमय प्रविष्टि करने में सहयोग करना/ Google Sheet / Whatsapp / पत्र के माध्यम से मांगी गई जानकारी को उपलब्ध कराने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक का सहयोग करना।

6. E-Shikshakosh / UDISE Portal पर प्रविष्टि/अद्यतन करने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक का सहयोग करना तथा विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों से इससे संबंधित कार्य को ससमय पूर्ण करवाना तथा आवश्यकतानुसार संकुल स्तर के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षकों इससे संबंधित प्रशिक्षण देना एवं उक्त कार्य के प्रगति का अनुश्रमण प्रत्येक दिन करते हुए लक्ष्य को पूर्ण करना तथा वैसे विभागीय अन्य पोर्टल जिसके लिए विभाग के द्वारा अथवा छात्र के द्वारा पोर्टल पर प्रविष्टि करने हेतु राशि नहीं लिया गया हो वैसे सभी कार्य करने की जवाबदेही विद्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक की होगी।

7. E-library अधिष्ठापित विद्यालयों में तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा (NEET/IIT) में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाले परीक्षा हेतु बच्चों का Mock Test आयोजित कराना, आदि।

अतः निदेश दिया जाता है कि आप अपने विद्यालय में पदस्थापित कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षक से उपरोक्त कार्य एवं दायित्व निदेशों का पालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अपने विद्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षकों को निर्देशित करें कि जिला स्तरीय कंप्यूटर विज्ञान शिक्षक का व्हाट्सएप ग्रुप "Vaishali Computer Science Teacher" में आने वाले संदेश/पत्र को प्रत्येक दिन देखेंगे एवं ग्रुप मे माध्यम से मांगी गई जानकारी से आपको अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए संबंधित प्रधानाध्यापक एवं कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षक जवाबदेह माने जायेंगे।

विश्वासभाजन

11.5.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः-919 हाजीपुर दिनांकः-11/05/26

प्रतिलिपिः-सभी कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षक/ सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जिला- वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

11.5.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

11/5/26